रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-01102024-257609
CG-DL-E-01102024-257609

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 554] नई दिल्ली बृहस्पतिवार, सितम्बर 26, 2024/ भाद्र 4, 1946
No. 554] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 26, 2024/ BHADRA 4, 1946

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 2024

सा.का.नि.596 (अ).—भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण के अनुकूल ऐसे उत्पादों की मांग को बढ़ावा दिया है जो पर्यावरण पर कम प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं जिससे 'लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली)' के सिद्धांतों को समर्थन मिलेगा, कम ऊर्जा खपत, संसाधन के कुशल उपयोग और संरक्षण, चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और उन उत्पादों के पर्यावरणीय पहलुओं पर भ्रामक सूचना पर रोक लगेगी।

और उत्पादों की इको-लेबलिंग उपभोक्ताओं को सूचना के साथ खरीद संबंधी निर्णय लेने में सक्षम बनाती है और साथ ही विनिर्माताओं को पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का उत्पादन शुरु करने के लिए प्रोत्साहित करती है जिससे हरित उद्योगों को बढ़ावा मिलता है;

और ईकोमार्क उन उत्पादों को अनुदत्त किया जा सकता है जो संसाधन के उपभोग और पर्यावरणीय प्रभावों, विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव, प्रकृति और जैव विविधता पर प्रभाव, ऊर्जा खपत, अपशिष्ट सृजन, सभी पर्यावरणीय क्षेत्रों में उत्सर्जन, भौतिक प्रभावों के माध्यम से प्रदूषण और परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग और निर्मुक्ति के संबंध में निर्दिष्ट पर्यावरणीय मानदंडों को पूरा करते हैं;

और प्रारूप ईकोमार्क प्रमाणन नियम, 2023 भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में अधिसूचना संख्यांक का.आ 4441(अ), तारीख 11 अक्टूबर, 2023 द्वारा प्रकाशित किए गए थे तथा सभी व्यक्तियों से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और प्राप्त किए गए सभी आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यक रूप से विचार किया गया है;

अत: अब केन्द्रीय सरकार 'पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (ii), धारा 6 की उपधारा (1), धारा 23 और धारा 25 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**– (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम ईकोमार्क नियम, 2024 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएँ**. –इन नियमों में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) अभिप्रेत है;

(ख) "उत्पाद" से प्रथम अनुसूची के स्तंभ (2) के अधीन विनिर्दिष्ट अभिप्रेत उत्पाद है;

(ग) "रजिस्ट्रीकृत अभिकरण" से नियम 13 के उपनियम (2) अधीन रजिस्ट्रीकृत अभिकरण अभिप्रेत है;

(घ) "अनुसूची" से इन नियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(ङ) "सत्यापक" से नियम 12 के अधीन सत्यापक के रूप में रजिस्ट्रीकृत इकाई अभिप्रेत है।

3. ईकोमार्क के अनुदान के लिए शर्तें.- (1) ईकोमार्क ऐसे उत्पाद के लिए अनुदत्त किया जा सकता है जिसके पास भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 के अधीन भारतीय मानकों के अनुरूपता की अनुतप्ति या प्रमाणपत्र है और/या केंद्रीय सरकार द्वारा जारी क्वालिटि नियंत्रण आदेशों का अधिदेश है, और जो ईकोमार्क के अनुदान के लिए प्रथम अनुसूची के स्तंभ (3) के अधीन तत्स्थानी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है।

(2) प्रथम अनुसूची के अधीन विनिर्दिष्ट ईकोमार्क के अनुदान के लिए मानदंडों में निम्नलिखित सम्मिलित हो सकेंगे:-

क. अपशिष्ट सृजन और पर्यावरणीय उत्सर्जन को कम करके या समाप्त करके प्रदूषण में कमी लाना;

ख. उत्पाद पुनर्चक्रण योग्य हो या पुनर्चक्रित सामग्री से बना हो या दोनों;

ग. गैर नवीकरणीय संसाधन, जिसके अंतर्गत गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत और प्राकृतिक संसाधन भी है, के उपयोग में कमी लाना;

घ. ऐसी किसी सामग्री, जो पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, के उपयोग में कमी लाना;

(3) किसी उत्पाद के लिए ईकोमार्क के अनुदान हेतु मानदंड विकसित करते समय निम्नलिखित बातों पर विचार किया जा सकेगा,अर्थात्:-

क. उत्पादन प्रक्रिया, जिसके अंतर्गत कच्चे माल के स्रोत भी है;

ख. प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग;

ग. पर्यावरण पर प्रभाव;

घ. उत्पादन प्रक्रिया से उत्पन्न होने वाले उत्सर्जन या अपशिष्ट का प्रभाव और विस्तार;

ङ. उत्पाद का निपटान और इसकी पैकेजिंग;

च. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुपालन,जहां भी लागू हो;

छ. अपशिष्ट और पुनर्चक्रण सामग्रियों का उपयोग;

ज. पुनर्चक्रण के लिए उपयुक्तता;और

झ. परिसंकटमय पदार्थों के स्थान पर अपरिसंकटमय पदार्थों का उपयोग।

4. ईकोमार्क के प्रदान के लिए प्रक्रिया.- (1) नियम 3 के अधीन शर्तों का अनुपालन करने वाले उत्पाद के लिए ईकोमार्क **प्र**दान के लिए आवेदन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रारूप 1 में दिया जाएगा।

(2) आवेदन प्राप्त होने पर, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्वयं या सत्यापक के माध्यम से यह सत्यापित करेगा कि उत्पाद नियम 3 के अधीन शर्तों का अनुपालन करता है या नहीं।

(3) उपनियम (2) के अधीन ऐसा सत्यापन करने के पश्चात, जैसा आवश्यक हो, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक रिपोर्ट तैयार करेगा, या यदि सत्यापन सत्यापक द्वारा किया जाता है, तो सत्यापक एक रिपोर्ट तैयार करेगा और ऐसे सत्यापन की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत करेगा ।

(4) रिपोर्ट प्राप्त होने पर, यदि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि उत्पाद नियम 3 के अधीन शर्तों का अनुपालन करता है, तो वह उत्पाद को ईकोमार्क अनुदान कर सकेगा।

(5) उपनियम (4) के अधीन अनुदत्त किया गया ईकोमार्क तीन वर्ष की अवधि के लिए या उत्पाद के लिए ईकोमार्क मानदंड में परिवर्तन होने तक, जो भी पहले हो, विधिमान्य होगा।

(6) ईकोमार्क की अवधि समाप्त होने पर उसके नवीकरण के लिए आवेदन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को किया जा सकता है और इस नियम के उपनियम (1) से (5) तथा नियम 3 के उपबंध लागू होंगे।

(7) ईकोमार्क के प्रत्येक धारक को उत्पाद के संबंध में पूर्ववर्ती वर्ष के 1 अप्रैल से उत्तरवर्ती वर्ष के 31 मार्च तक की अवधि के लिए वेब पोर्टल के माध्यम से सीपीसीबी द्वारा विहित निदर्शन पत्र के अनुसार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ऑनलाइन वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ऐसी रिपोर्टों की परीक्षा करेगा तथा अपनी सिफारिशों के साथ उनका संकलन, यदि कोई हो, प्रत्येक वर्ष 31 जुलाई को या उससे पहले पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजेगा।

5. ईकोमार्क का रद्दकरण– (1) यदि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि किसी ईकोमार्क के धारक ने झूठी सूचना दी है या इन नियमों के अधीन दी जाने वाली अपेक्षित किसी सूचना को जानबूझकर छिपाया है, तो वह ईकोमार्क के धारक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् तथा कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करके आदेश द्वारा ईकोमार्क को निलंबित या रद्द कर सकेगा।

(2) ईकोमार्क का धारक, यदि उपनियम (1) के अधीन किए गए आदेश से व्यथित है, तो वह ऐसे निलंबन या रद्दकरण के आदेश की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर प्रारूप 2 में केंद्रीय सरकार को अपील कर सकेगा।

(3) केन्द्रीय सरकार उक्त तीस दिन की अवधि की समाप्ति के पश्चात् भी अपील पर विचार कर सकेगी, यदि ईकोमार्क धारक केन्द्रीय सरकार का यह समाधान कर देता है कि उसके पास उक्त अवधि के भीतर अपील प्रस्तुत न करने के लिए पर्याप्त कारण था।

(4) केंद्रीय सरकार ईकोमार्क धारक को सुनवाई का एक अवसर देने के पश्चात् और ऐसी जांच के पश्चात्, जैसा वह ठीक समझे, ऐसा आदेश दे सकेगी जैसा वह आवश्यक समझे।

6. ईकोमार्क का उपयोग.- (1) प्रत्येक व्यक्ति जिसे किसी उत्पाद के संबंध में ईकोमार्क अनुदत्त किया गया है, ऐसे उत्पाद पर इन नियमों के अधीन अनुदत्त किया गया ईकोमार्क लेबल लगाएगा।

(2) कोई भी व्यक्ति किसी भी उत्पाद पर ईकोमार्क का उपयोग तब तक नहीं करेगा जब तक कि उसे ऐसे उत्पाद के संबंध में ईकोमार्क अनुदत्त न किया गया हो।

7. संचालन समिति.- (1) केन्द्रीय सरकार एक संचालन समिति गठित करेगी जो इन नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होगी।

(2) संचालन समिति में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे:-

क. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय- अध्यक्ष, पदेन;

ख. अपर सचिव या संयुक्त सचिव (प्रभारी ईकोमार्क), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय - सदस्य, पदेन;

ग. उपभोक्ता मामले मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले विभाग में संयुक्त सचिव, भारत सरकार- सदस्य, पदेन;

घ. निम्नलिखित में से प्रत्येक एक प्रतिनिधि, जो संयुक्त सचिव से नीचे के रैंक का न हो-

(i) उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग- सदस्य, पदेन:

(ii) सूचना और प्रसारण मंत्रालय- सदस्य, पदेन;

(iii) रसायन और पेट्रो रसायन विभाग- सदस्य, पदेन;

(iv) कृषि और किसान कल्याण विभाग- सदस्य, पदेन;

(v) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग- सदस्य, पदेन;

(vi) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय- सदस्य, पदेन;

(vii) विद्युत मंत्रालय- सदस्य, पदेन;

(viii) पेयजल और स्वच्छता विभाग- सदस्य, पदेन

(ix) व्यय विभाग- सदस्य, पदेन;

(x) विदेश मंत्रालय- सदस्य, पदेन;

(xi) वाणिज्य विभाग- सदस्य, पदेन;

(xii) वस्त्र मंत्रालय- सदस्य, पदेन;

(ङ) महानिदेशक, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद- सदस्य, पदेन;

(च) महानिदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो- सदस्य, पदेन;

(छ) अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड- सदस्य, पदेन;

(ज) पर्यावरणीय मानकीकरण क्षेत्र से दो विशेषज्ञ- सदस्य, पदेन; और

(झ) उद्योग संगमों से दो प्रतिनिधि- सदस्य, पदेन।

(3) संचालन समिति, अध्यक्ष के पूर्व अनुमोदन से, संचालन समिति की बैठकों में किसी अन्य व्यक्ति को आमंत्रित या सहयोजित कर सकती है।

(4) संचालन समिति का कार्य काल पांच वर्ष का होगा।

8. संचालन समिति के कार्य - (1) संचालन समिति निम्नलिखित के संबंध में केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के लिए सिफारिश करेगी, अर्थात्:-

(क) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सिफारिश के आधार पर ईकोमार्क के अनुदान के लिए इन नियमों के अधीन सम्मिलित किए जाने वाले उत्पाद;

(ख) ईकोमार्क को बढ़ावा देने के लिए अपनाए जाने वाले उपाय और रीति;

(ग) ईकोमार्क के अनुदान के लिए मानदंडों की समय-समय पर समीक्षा करना तथा केंद्रीय सरकार को सिफारिश करना;

(घ) किसी उत्पाद के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के सत्यापन के लिए किसी अनुसंधान को समर्थन देने के उपाय या ईकोमार्क के अनुदान के लिए मानदंडों का पुनरीक्षण करना।

(2) इन नियमों की प्रभावी और कुशल मॉनिटरी तथा कार्यान्वयन करने के लिए संचालन समिति ईकोमार्क धारकों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्टों और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उस पर की गई किसी भी सिफारिश की समीक्षा करेगी।

(3) संचालन समिति केन्द्रीय सरकार द्वारा उसे सौंपे गए कोई अन्य कार्य भी करेगी।

9. **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्य–** (1)केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे, अर्थात्:-

(क) ईकोमार्क के अनुदान के लिए इन नियमों के अधीन सम्मिलित किए जाने वाले उत्पादों की पहचान करना और संचालन समिति को इसकी सिफारिश करना:

(ख) उपलब्ध जानकारी, प्रौद्योगिकी और बाजार के विकास तथा अन्य देशों में अपनाए जा रहे मानदंडों के आधार पर 'ईकोमार्क' के अनुदान के लिए अपने मानदंड की समीक्षा करना और विकास करना तथा संचालन समिति को इसकी सिफारिशें करना;

(ग) ईकोमार्क अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए संचालन समिति के विचारार्थ पहलें प्रस्तुत करना;

(घ) सत्यापकों और अभिकरणों का रजिस्ट्रीकरण;

(ङ) ईकोमार्क प्रमाणपत्र धारकों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्टों को संकलित करना ताकि इन्हें अगले वित्तीय वर्ष की 31 जुलाई तक पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को प्रस्तुत किया जा सके;

(च) इन नियमों के अधीन मान्यता प्रदान करने के लिए घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक इकोलेबलिंग कार्यक्रम का निर्धारण करना;

(छ) अंतरराष्ट्रीय इकोलेबलिंग कार्यक्रम का परस्पर मान्यता प्रदान करने के लिए निर्धारण;

(ज) संचालन समिति या केन्द्रीय सरकार द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

10. तकनीकी समिति.- (1) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से, ऐसे विशेषज्ञों और/या विशेषज्ञ संगठनों से मिलकर बनी एक तकनीकी समिति का गठन कर सकेगा, जिन्हें वह आवश्यक समझे, जो इन नियमों के कार्यान्वयन में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सहायता करेगी।

(2) तकनीकी समिति निम्नलिखित मामलों में भी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सहायता ~~कर~~ करेगी, अर्थात्:-

(क) उत्पादों के लिए ईकोमार्क के अनुदान के लिए मानदंडों की समीक्षा करना और विकसित करना;

(ख) ईकोमार्क के अनुदान के लिए उत्पादों के सत्यापन की प्रक्रिया विकसित करना;

(ग) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इसे निर्दिष्ट किसी भी तकनीकी मामले पर सलाह देना।

(3) तकनीकी समिति का कार्यकाल पांच वर्ष होगा।

11. ईकोमार्क के लिए वेब पोर्टल- (1) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आवेदन करने और ईकोमार्क के अनुदान के लिए, ईकोमार्क धारक द्वारा वार्षिक रिपोर्टें प्रस्तुत करने, इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत सत्यापक और अभिकरण, इन नियमों के अधीन ईकोमार्क के लिए शर्तों के अनुपालन के लिए उत्पादों की प्रभावी मॉनिटरी करने के लिए सत्यापकों और लेखा परीक्षकों के साथ-साथ अभिकरणों के रजिस्ट्रीकरण के लिए एक वेब पोर्टल विकसित करेगा।

(2) प्रत्येक ईकोमार्क धारक, इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत सत्यापक और अभिकरण को प्रत्येक वर्ष की 31 मई को या उससे पहले पूर्ववर्ती वर्ष की पहली अप्रैल से लेकर उत्तरवर्ती वर्ष की 31 मार्च तक की अवधि के लिए उनके द्वारा उक्त अवधि के दौरान अनुपालित क्रियाकलापों के संबंध में, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विकसित ईकोमार्क पोर्टल पर विहित निदर्शन पत्र के अनुसार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एक वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

(3) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वेब पोर्टल पर निम्नलिखित के संबंध में सूचना प्रकाशित करेगा, अर्थात्:-

(क) ईकोमार्क के प्रत्येक धारक का ब्यौरा और वह उत्पाद जिसके संबंध में इन नियमों के अधीन ईकोमार्क अनुदत्त किया गया है;

(ख) इन नियमों के अधीन ईकोमार्क अनुदत्त किए गए उत्पादों की सूची;

(ग) प्रत्येक उत्पाद के संबंध में रिपोर्ट, जिसके आधार पर इन नियमों के अधीन उत्पाद को यह ईकोमार्क अनुदत्त किया गया है;

(घ) किसी उत्पाद के संबंध में किए गए अनुसंधान और अध्ययनों की रिपोर्टें;

(ङ) ईकोमार्क वाले उत्पादों के फायदें; और

(च) इन नियमों के अधीन ईकोमार्क अनुदत्त किए गए प्रत्येक उत्पाद के संबंध में वैश्विक रूप से अपनाई गई सर्वोत्तम पद्धतियां।

12 सत्यापक- (1) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण के क्षेत्र में तथा ईकोमार्क से संबंधित मामलों में अर्हता और अनुभव रखने वाली ऐसी इकाईयों को सत्यापकों के रूप में रजिस्ट्रीकृत करेगा, जिन्हें वह इन नियमों के अधीन ईकोमार्क के अनुदान के लिए तथा उसके नवीकरण के लिए उत्पादों के सत्यापन के प्रयोजनों के लिए आवश्यक समझे।

(2) प्रत्येक सत्यापक उत्तरवर्ती वर्ष की 31 मई को या उससे पूर्व केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पूर्ववर्ती वर्ष में ~~से~~से सत्यापक द्वारा ~~में~~ किए गए क्रियाकलापों के संबंध में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

IndiaCode

13. ईकोमार्क वाले उत्पादों के संबंध में अनुपालन.- (1) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपनी इच्छा से या उसे प्राप्त शिकायत पर, स्वयं या किसी रजिस्ट्रीकृत अभिकरण के माध्यम से, किसी ऐसे उत्पाद का, जिसे ईकोमार्क अनुदत्त किया गया है, इन नियमों के अधीन शर्तों के अनुपालन के लिए निरीक्षण और सत्यापन कर सकेगा।

(2) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ऐसे अभिकरणों को रजिस्टर करेगा, जिनके पास प्रत्येक उत्पाद के संबंध में ईकोमार्क मानदंड के निरीक्षण और सत्यापन के लिए सुसंगत विशेषज्ञता और अनुभव हो, जैसा कि वह इन नियमों के प्रयोजनों के लिए आवश्यक समझे।

(3) रजिस्ट्रीकृत अभिकरण, उत्पाद के ऐसे निरीक्षण और मूल्यांकन के बाद, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

(4) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्पाद के संबंध में किसी भी शिकायत के बारे में ईकोमार्क धारक को सूचित करेगा तथा उससे अपना उत्तर प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगा।

(5) ईकोमार्क धारक केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या रजिस्ट्रीकृत अभिकरणों को ऐसे निरीक्षण और सत्यापन करने की अनुज्ञा देगा, जो इन नियमों के अधीन शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समझे जाएं।

(6) ईकोमार्क धारक केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और रजिस्ट्रीकृत अभिकरण को उस परिसर तक पहुंच प्रदान करेगा जिसमें संबंधित उत्पाद का उत्पादन या भंडारण किया जाता है।

(7) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत अभिकरण को पूर्ववर्ती वर्ष में उसके द्वारा किए गए क्रियाकलापों के संबंध में प्रत्येक वर्ष 31 मई को या उससे पहले केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

14. राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों की भूमिका.- (1) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रदूषण नियंत्रण समिति मीडिया, प्रकाशनों, विज्ञापनों, पोस्टरों या संचार के ऐसे अन्य साधनों के माध्यम से, जिन्हें समुचित समझा जाए, इन नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करेगी।

(2) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रदूषण नियंत्रण समिति इन नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जागरूकता फैलाने सहित अन्य क्रियाकलाप करेगी, जैसा संचालन समिति द्वारा सिफारिश की जाए और केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाए।

15. कार्यान्वयन समिति – (1) ईकोमार्क नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संचालन समिति को उपाय सुझाने हेतु केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा;

(2) समिति ईकोमार्क नियमों के कार्यान्वयन की मॉनिटरी करेगी और कठिनाइयों को दूर करने के लिए ऐसे उपाय भी करेगी जो अपेक्षित हो,;

(3) समिति को ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने और संचालित करने के लिए मार्गदर्शन और सिफारिशें प्रदान करने का भी कार्य सौंपा जाएगा;

(4) समिति में संबंधित मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधि, उद्योग संगमों के प्रतिनिधि और अन्य सुसंगत पणधारी सम्मिलित होंगे। समिति का अध्यक्ष किसी भी पणधारी/विशेषज्ञ को इस समिति में सम्मिलित कर सकेगा।

पहली अनुसूची

[नियम 2(ख) और 3(1)(च) देखें]

उत्पाद और ईकोमार्क प्रदान करने के लिए मानदंड

क्र.सं.	उत्पाद	ईकोमार्क प्रदान करने के लिए मानदंड
(1)	(2)	(3)
1.	आर्किटेक्चरल पेंट और पाउडर कोटिंग	**1. सामान्य अपेक्षाएँ**: 1.1 पेंट के सभी प्रकारों की गुणवत्ता और उपयोगिता से संबंधित भारतीय मानक ब्यूरो के प्रासंगिक मानकों को पूरा किया जाएगा। 1.2 उत्पाद विनिर्माता को ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अनुसार और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के तहत सहमति/ स्वीकृति

		प्रस्तुत करना होगा। 1.3 उत्पाद में महत्वपूर्ण अवयवों की मौजूद मात्रा की सूची अवरोही क्रम में प्रदर्शित होनी चाहिए। ऐसे अवयवों की सूची भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित की जाएगी। 1.4 उत्पाद की पैकेजिंग पर संक्षेप में उन मानदंडों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनके आधार पर उत्पाद को पर्यावरण अनुकूल के रूप में लेबल किया गया है। 1.5 उत्पाद को उचित उपयोग के निर्देशों के साथ बेचा जाएगा ताकि उत्पाद का उपयोग अधिकतम हो और बर्बादी न्यूनतम हो। 1.6 उत्पाद की पैकेजिंग के लिए प्रयुक्त सामग्री पुनःचक्रित, पुनः उपयोज्य अथवा जैवनिम्नीकृत होगी। 2. **विशिष्ट अपेक्षाएँ**: 2.1 **जल आधारित कोटिंग्स (शुष्क डिस्टेंपर और सीमेंट पेंट सहित)** 2.1.1 उत्पाद में 5 प्रतिशत से अधिक वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) नहीं होने चाहिए। उत्पाद को पारा और पारा यौगिकों के साथ तैयार नहीं किया जाना चाहिए या सीसा, कैडमियम, क्रोमियम VI और उनके ऑक्साइड के रंगद्रव्यों के साथ रंगा नहीं जाना चाहिए। प्राकृतिक अशुद्धियाँ या उत्पादन प्रक्रिया से होने वाली अशुद्धियाँ, जो भार के अनुसार 0.1 प्रतिशत तक की मात्रा में हो सकती हैं, जो कच्चे माल में निहित हैं; इसमें शामिल नहीं हैं। 2.1.2 उत्पाद निम्नलिखित के साथ तैयार या निर्मित नहीं किया जाएगा: I.प्रति किलोग्राम पेंट में 10 मिलीग्राम से अधिक मुक्त फॉर्मेल्डिहाइड II. हैलोजनयुक्त विलायक III. बेंजीन और पौली-एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन और IV. अन्य एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन **2.2 पाउडर कोटिंग्स** 2.2.1 उत्पाद किसी भी वीओसी (वाष्पशील कार्बनिक यौगिक) से मुक्त होना चाहिए। उत्पाद को पारा और पारा यौगिकों के साथ तैयार नहीं किया जाना चाहिए या सीसा, कैडमियम, क्रोमियम VI और उनके ऑक्साइड के रंगद्रव्यों के साथ रंगा नहीं जाना चाहिए। प्राकृतिक अशुद्धियाँ या उत्पादन प्रक्रिया से होने वाली अशुद्धियां, जो भार के अनुसार 0.1 प्रतिशत तक की मात्रा में हो सकती हैं, जो कच्चे माल में निहित हैं, इसमें शामिल नहीं हैं। 2.2.2 उत्पाद को प्रति किलोग्राम पेंट में 10 मिलीग्राम से अधिक मुक्त फॉर्मेल्डिहाइड के साथ तैयार या निर्मित नहीं किया जाएगा। 2.3. **विलायक आधारित उच्च ठोस कोटिंग्स** 2.3.1 उत्पाद में 380 ग्राम/लीटर से अधिक वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) नहीं होने चाहिए। उत्पाद को पारा और पारा यौगिकों के साथ तैयार नहीं किया जाना चाहिए या सीसा, कैडमियम, क्रोमियम VI और उनके ऑक्साइड के रंगद्रव्यों के साथ रंगा नहीं जाना चाहिए। प्राकृतिक अशुद्धियाँ या उत्पादन प्रक्रिया से होने वाली अशुद्धियाँ जो भार के अनुसार 0.1 प्रतिशत तक की मात्रा में हो सकती हैं, जो कच्चे माल में निहित हैं, इसमें शामिल नहीं हैं।

		2.3.2 उत्पाद निम्नलिखित के साथ तैयार या निर्मित नहीं किया जाएगा: i. प्रति किलोग्राम पेंट में 10 मिलीग्राम से अधिक मुक्त फॉर्मेल्डिहाइड ii. हैलोजनयुक्त विलायक iii. बेंजीन और बहु-सुगंधित हाइड्रोकार्बन, और iv. वजन के अनुसार से 10 प्रतिशत से अधिक अन्य सुगंधित हाइड्रोकार्बन
2	प्रसाधन सामग्री	1. **सामान्य अपेक्षाएँ**: 1.1 सभी निर्मित उत्पाद सुरक्षा, गुणवत्ता और उपयोगिता से संबंधित बीआईएस के निम्नलिखित भारतीय मानकों की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे: i. त्वचा पाउडर आईएस 3959:1978 ii. शिशुओं के लिए त्वचा पाउडर आईएस 5399:1978 iii. दंत पाउडर आईएस 5383:1978 iv. टूथ पेस्ट आईएस 6356:1993 v. त्वचा क्रीम आईएस 6608:1978 vi. बालों का तेल आईएस 7123:1993 vii. साबुन आधारित शैम्पू आईएस 7669:1990 viii. कृत्रिम डिटर्जेंट आधारित शैम्पू आईएस 7884:1992 ix. बालों की क्रीम आईएस 7679:1978 x. ऑक्सीकरण हेअर डाई तरल आईएस 8481:1993 xi. इत्र आईएस 8482:1977 xii. नाखून पोलिश (नेल इनैमल) आईएस 9245:1993 xiii. आफ्टर शेव लोशन आईएस 9255:1979 xiv. पोमेड्स और ब्रिलियंटाइन्स आईएस 9339:1988 xv. डेप्लिएटरीज केमिकल आईएस 9636:1988 xvi. शेविंग क्रीम आईएस 9740:1981 xvii. कॉस्मेटिक पेंसिल आईएस 9832:1981 xviii. लिपस्टिक आईएस 9875:1990 1.2 प्रसाधन-सामग्री को तैयार करने में प्रयुक्त सभी घटक, आईएस 4707 (भाग-I): 1988 और आईएस 4707 (भाग-II): 1993 में विनिर्दिष्ट उपबंधों के साथ-साथ उत्पाद विशिष्ट अपेक्षाओं के अनुपालन में होंगे। 1.3 उत्पाद के पैकेज पर मौजूद मात्रा के अनुसार अवरोही क्रम में महत्वपूर्ण घटकों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। 1.4 ऐसे घटकों की सूची बीआईएस द्वारा निर्धारित की जाएगी। उत्पाद के विनिर्माता को ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत प्राधिकार, यदि अपेक्षित हो, के साथ-साथ जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1977 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम,

		1981 के उपबंधों के अनुसार सहमति/स्वीकृति प्रस्तुत करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के उपबंधों और उसके तहत बनाए गए नियमों का भी अनुपालन करना होगा। 1.5 यदि उत्पाद का पैकेज ईकोमार्क स्कीम के तहत पृथक रूप से शामिल नहीं किया गया है, तो उत्पाद के पैकेज को उपयुक्त तरीके से इस प्रकार चिह्नित किया जाएगा कि ईकोमार्क लेबल केवल सामग्री पर लागू हो। 1.6 उत्पाद की पैकेजिंग के लिए प्रयुक्त सामग्री पुनःचक्रित, पुनः उपयोज्य अथवा जैवनिम्नीकृत होगी। 1.7. उत्पाद की पैकेजिंग में उस मानदंड को संक्षेप में प्रदर्शित किया जा सकता है जिसके आधार पर उत्पाद पर पर्यावरण अनुकूल लेबल लगाया गया है। 2. **विशिष्ट अपेक्षाएं :** 2.1 **आईएस** 4011:1982 **द्वारा विनिर्दिष्ट पद्धति द्वारा परीक्षण किए जाने पर उत्पाद त्वचा के लिए सुरक्षित होगा।** 2.1.1 प्रसाधन-सामग्री तैयार करने में जहां कहीं भी सर्फेक्टेंट एजेंटों का उपयोग किया जाता है उनकी जैवनिम्नीकृत ता सिंथेटिक डिटर्जेंट हेतु ईकोमार्क के लिए निर्धारित सीमा के अनुसार होगी। 2.1.2 भारतीय मानकों में विनिर्दिष्ट पद्धतियों द्वारा परीक्षण किए जाने पर लेड (पीबी) और आर्सेनिक (एएस203) के रूप में परिकलित भारी धातुएं क्रमशः 20 पीपीएम और 2 पीपीएम से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2.1.3 टूथ पेस्ट/टूथ पाउडर : इन उत्पादों को तैयार करने के प्रयोजन से, आईएस 6356:1993 और आईएस 5383:1978 में सूचीबद्ध घटकों का ही उपयोग किया जाएगा। हालांकि, टूथ पेस्ट फ्लोराइडयुक्त नहीं होना चाहिए और अशुद्धता के रूप में फ्लोराइड (एफ) की उपस्थिति, भारतीय मानकों में विनिर्दिष्ट पद्धति द्वारा परीक्षण किए जाने पर 25 पीपीएम की सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2.1.4 हेयर डाई : लेड आधारित डाई का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। 2.1.5 नेल पॉलिश : हलोजनयुक्त कार्बनिक सॉल्वैंट्स का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।
3.	बैटरी	क. स्वचालित लेड-एसिड बैटरी **1.0 सामान्य अपेक्षाएं :** 1.1 स्वचालित लेड-एसिड बैटरी, भारतीय मानक ब्यूरो के संगत मानकों को पूरा करेंगी। 1.2 उत्पाद के विनिर्माता को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा उसके अधीन निर्मित नियमों के अंतर्गत यथा अपेक्षित अनुमोदन के साथ जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974, जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अनुसार सहमति स्वीकृति प्रस्तुत करनी होगी। 1.3 उत्पाद की पैकेजिंग पर उस मानदंड को संक्षेप में प्रदर्शित किया जा सकता है जिसके आधार पर उत्पाद पर पर्यावरण अनुकूल लेबल लगाया गया है। 1.4 उत्पाद को उचित उपयोग के अनुदेशों के साथ बेचा जा सकता है ताकि

उत्पाद का कार्य-निष्पादन अधिकतम हो और उसका सुरक्षित निपटान किया जा सके।

1.5 उत्पाद की पैकेजिंग के लिए प्रयुक्त सामग्री पुनःचक्रित या जैवनिम्नीकृत होगी।

1.6 विनिर्माता, प्रयुक्त बैटरियों के लिए संग्रहण एवं भुगतान प्रणाली की व्यवस्था करेगा और ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय भारतीय मानक ब्यूरो को इस आशय के प्रमाण-पत्र या उद्घोषणा के माध्यम से साक्ष्य स्वरूप दस्तावेज उपलब्ध कराएगा।

2.0 उत्पाद विशिष्ट अपेक्षाएं

2.1 स्वचालित लेड-एसिड बैटरी:

2.1.1 कि.ग्रा. प्रति बैटरी (क) में प्रयुक्त लेड की मात्रा कि.ग्रा. में इलेक्ट्रोलाइट बैटरी का भार (ख)और क:ख का अनुपात नीचे दी गई सीमाओं से अधिक नहीं होगा :

क्र.सं.	**बैटरी का प्रकार**	**लेड सामग्री 'क' कि.ग्रा. में**	**इलेक्ट्रोलाइट के साथ चार्जड् बैटरी का भार 'ख' कि.ग्रा. में**	**अनुपात क:ख**
(क) 20 **घंटे की दर क्षमता पर आईएस** 7372 (**पार्ट-1**) **में बैटरी का प्रकार**				
1.	12 वी 32 एएच	6.11	10.5	59
2.	12 वी 35 एएच	6.6	11.0	60
3.	12 वी 50 एएच	8.36	16.0	53
4.	12 वी 60 एएच	9.96	17.5	57
5.	12 वी 75 एएच	13.75	22.5	62
6.	12 वी 110 एएच	17.17	30.2	57
7.	12 वी 120 एएच	19.32	36.0	56
8.	12 वी 135 एएच	20.91	36.3	58
9.	12 वी 150 एएच	24.8	45.0	56
(ख)10 **घंटे की दर क्षमता पर आईएस** 13568:1992 **में बैटरी का प्रकार**				
10.	6 वी 4	0.5	0.85	59

				एएच			
			11.	6 वी 6 एएच	0.7	1.3	54
			12.	6 वी 14 एएच	1.51	2.8	64
			13.	12 वी 2.5 एएच	0.7	1.15	61
			14.	12 वी 5 एएच	1.44	2.10	69
			15.	12 वी 6.5 एएच	1.50	2.35	64

2.1.2 बैटरियों में प्रयुक्त लेड की पुनर्प्राप्ति/विनिर्माण, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के अंतर्गत यथा अपेक्षित अनुमोदन के साथ जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974, जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों का अनुपालन करने वाली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

2.1.3 बैटरी की'ऑक्साइड' तथा 'ग्रिड' प्लेटों का विनिर्माता पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के तहत यथा अपेक्षित अनुमोदन के साथ साथ-साथ जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1974, जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) उपकर अधिनियम 1977 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

2.4 किसी तिमाही के दौरान विनिर्मित बैटरियों में निहित लेड की कुल मात्रा 100 प्रतिशत होने की स्थिति में, 3 महीने की अवधि (रोलिंग औसत के रूप में) में किसी भी समय मापे गए (पोस्ट-कंज़्यूमर लेड से) पुनर्चक्रित लेड का निम्नलिखित प्रतिशत उत्पाद में निहित होगा :

i. 1 वर्ष तक न्यूनतम 25%

ii. 2 वर्ष तक न्यूनतम 40%

iii. 3 वर्ष तक न्यूनतम 50%

ख. ड्राई सेल बैटरी

1. **सामान्य अपेक्षाएं :**

1.1 ड्राई सेल बैटरियां, भारतीय मानक ब्यूरो के संगत मानकों को पूरा करेंगी।

1.2 उत्पाद विनिर्माता को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत प्राधिकार, यदि अपेक्षित हो, के साथ-साथ जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974, जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 उपबंधों के अनुसार सहमति स्वीकृति प्रस्तुत करनी होगी।

		1.3 उत्पाद की पैकेजिंग पर उस मानदंड को संक्षेप में प्रदर्शित किया जा सकता है जिसके आधार पर उत्पाद पर पर्यावरण अनुकूल लेबल लगाया गया है। 1.4 उत्पाद को उचित उपयोग के अनुदेशों के साथ बेचा जा सकता है ताकि उत्पाद का निष्पादन अधिकतम हो उसका सुरक्षित निपटान किया जा सके। 1.5 उत्पाद की पैकेजिंग के लिए प्रयुक्त सामग्री, पुनः चक्रित या जैवनिम्नीकृत होगी। 1.6 विनिर्माता, प्रयुक्त बैटरियों के लिए संग्रहण एवं भुगतान प्रणाली की व्यवस्था करेगा और ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय भारतीय मानक ब्यूरो को इस आशय के प्रमाण-पत्र या उद्घोषणा के माध्यम से साक्ष्य स्वरूप दस्तावेज उपलब्ध कराएगा। 2. **उत्पाद विशिष्ट अपेक्षाएं :** 2.1 नॉन-रिचार्जेबल ड्राई सेल बैटरी : बैटरियों में पारे की मात्रा, भार के 0.005 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2.2 रीचार्जेबल ड्राई सेल बैटरी : रीचार्जेबल बैटरियों में पारा 0.005 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।
4.	लुब्रिकेशन ऑयल	1. **सामान्य अपेक्षाएं :** 1.1. सभी लुब्रिकेशन/विशेषता वाले तेल, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा अधिसूचित संगत भारतीय मानकों को पूरा करेंगे। 1.2. उत्पाद के विनिर्माता को ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत प्राधिकार, यदि अपेक्षित हो, के साथ-साथ क्रमश: जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974, जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अनुसार सहमति/स्वीकृति प्रस्तुत करनी चाहिए। 1.3. उत्पाद पर बीआईएस द्वारा तय किए जाने वाले भार के प्रतिशत में महत्वपूर्ण घटकों की मौजूद मात्रा की सूची अवरोही क्रम में प्रदर्शित की जानी चाहिए। 1.4. उत्पाद की पैकेजिंग में उस मानदंड को संक्षेप में प्रदर्शित किया जा सकता है जिसके आधार पर उत्पाद पर पर्यावरण अनुकूल लेबल लगाया गया है। 1.5. उत्पाद की पैकेजिंग के लिए प्रयुक्त सामग्री पुनःचक्रित, पुन:प्रयोज्य या जैवनिम्नीकृत होगी। 1.6. उत्पाद के पैकेज या इसके साथ लगे लीफलेट में उचित उपयोग, भंडारण एवं परिवहन संबंधी अनुदेश और उपयोग के बाद निपटान संबंधी दिशानिर्देशों और उसकी सुरक्षित संचालन संबंधी सावधानिया लिखी होगी, ताकि उत्पाद के निष्पादन को अधिकतम और इसकी बर्बादी को न्यूनतम किया जा सके। 2. **उत्पाद विशिष्ट अपेक्षाएं :** 2.1 लुब्रिकेशन ऑयल (परिशुद्ध): तेल की निम्नलिखित श्रेणियां शामिल हैं: क) लुब्रिकेंट्स : वनस्पति तेल आधारित

IndiaCode

		ख) लुब्रिकेंट्स: वनस्पति तेल आधारित के अलावा अन्य 2.1.1 उत्पाद का जलीय जीवों पर विषाक्त प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। ईसी 50/एलसी 50, 1.0 मि.ग्रा./लीटर से कम नहीं होगा। 2.1.2 बेस ऑयल, एडिटिव्स और तैयार उत्पादों में जैवनिम्नीकृतता का नीचे उल्लिखित प्रतिशत होना चाहिए : i. 90% लुब्रिकेंट्स (वनस्पति तेल आधारित) ii. 60% लुब्रिकेंट्स (वनस्पति तेल आधारित के अलावा) उपर्युक्त प्रतिशत जैवनिम्नीकृतता का परीक्षण, ओईसीडी परीक्षण पद्धति सीईसी-एल-33-टी-82 तथा 21 दिनों में किया जाएगा। 2.1.3 उत्पाद में लेड और बेरियम जैसी विषैली धातुएं निहित नहीं होनी चाहिए। ए.ए.एस. पद्धति के अनुसार परीक्षण किए जाने पर 0.25% से अधिक की सांद्रता में एंटीमनी का प्रयोग नहीं किया जाएगा। 2.1.4 उत्पाद में पी सी बी, पी सी टी और पी बी टी के साथ-साथ नाइट्राइट्स जैसे हलोजनयुक्त उत्पाद शामिल नहीं होने चाहिए। 2.2 पुनःशोधित/पुनःपरिष्कृत तेलों से तैयार लुब्रिकेंट्स- 2.2.1 उत्पाद में पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल पुन:परिष्करण प्रक्रिया के माध्यम से सुधार किए गए 50% से अधिक मात्रा में पुनःपरिष्कृत/पुनर्चक्रित उत्पाद निहित होंगे। 2.2.2 उत्पाद, लुब्रिकेंटिंग ऑयल (परिशुद्ध) के लिए नियत उत्पाद विशिष्ट अपेक्षाओं के अनुरूप होगा।
5.	साबुन और डिटर्जेंट	**क. प्रसाधन साबुन** 1. **सामान्य अपेक्षाएं :** 1.1 सभी प्रसाधन साबुन गुणवत्ता, सुरक्षा और निष्पादन के संबंध में समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय मानक ब्यूरो के संगत मानकों को पूरा करेंगे। 1.2 विनिर्माताओं को ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत प्राधिकार, यदि अपेक्षित हो, के साथ-साथ क्रमश: जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अनुसार सहमति/स्वीकृति प्रस्तुत करनी चाहिए; 1.3 उत्पाद पर भार के प्रतिशत में महत्वपूर्ण घटकों की मौजूद मात्रा की सूची अवरोही क्रम में प्रदर्शित की जानी चाहिए। ऐसे महत्वपूर्ण घटकों की सूची को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा अभिज्ञात किया जाएगा; 1.4 उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री पुनःचक्रित, पुन:प्रयोज्य या जैवनिम्नीकृत सामग्री से बनाई जाएगी; 1.5 उत्पाद की पैकेजिंग में उस मानदंड को संक्षेप में प्रदर्शित किया जा सकता है जिसके आधार पर उत्पाद पर पर्यावरण अनुकूल लेबल लगाया गया है; और 1.6 उत्पाद के साथ उचित उपयोग संबंधी विस्तृत अनुदेश दिए जा सकते हैं

		ताकि उत्पाद के निष्पादन को अधिकतम और इसकी बेकारी को न्यूनतम किया जा सके। 2. **विशिष्ट अपेक्षाएं :** 2.1 तैयार या विनिर्मित उत्पाद में फॉस्फेट और सिंथेटिक डिटर्जेंट नहीं होने चाहिए। 2.2 डीओसी: सीएचडी: 025(0236) में दी गई पद्धतियों से परीक्षण किए जाने पर उत्पाद त्वचा के लिए सुरक्षित होगा। **ख. डिटर्जेंट** **1. सामान्य अपेक्षाएं**: 1.1 घरेलू उपयोग और औद्योगिक उपयोग के लिए सभी डिटर्जेंट फार्मूलेशन गुणवत्ता, सुरक्षा और निष्पादन के संबंध में समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय मानक ब्यूरो(बीआईएस) के संगत मानकों को पूरा करेंगे | 1.2 विनिर्माताओं को ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत प्राधिकार, यदि अपेक्षित हो, के साथ-साथ क्रमश: जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अनुसार सहमति/स्वीकृति प्रस्तुत करनी चाहिए; 1.3 उत्पाद पर भार के प्रतिशत में महत्वपूर्ण घटकों की मौजूद मात्रा की सूची अवरोही क्रम में प्रदर्शित की जानी चाहिए। ऐसे महत्वपूर्ण घटकों की सूची को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा अभिज्ञात किया जाएगा; 1.4 उत्पाद की पैकेजिंग में उस मानदंड को संक्षेप में प्रदर्शित किया जा सकता है जिसके आधार पर उत्पाद पर पर्यावरण अनुकूल लेबल लगाया गया है; 1.5 उत्पाद के साथ उचित उपयोग संबंधी विस्तृत अनुदेश दिए जा सकते हैं ताकि उत्पाद के निष्पादन को अधिकतम और इसकी बर्बादी को न्यूनतम किया जा सके; और 1.6 उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री पुनःचक्रित, पुन:उपयोज्य या जैव निम्नीकृत सामग्री से बनाई जाएगी। **2.** उत्पाद विशिष्ट अपेक्षाएं : 2.1 उत्पाद में फॉस्फेट नहीं होना चाहिए। इसके स्थान पर किसी भी अन्य पर्यावरण के अनुकूल विकल्प का उपयोग किया जा सकता है। 2.2 उत्पाद के उपयोग के संबंध में सुरक्षा का मूल्यांकन समय-समय पर यथासंशोधित बीआईएस मानकों में दी गई पद्धतियों के अनुसार किया जाएगा: 2.3 इरिटेंट क्षमता से संबंधित सुरक्षा मूल्यांकन आईएस 11601 (भाग I) - 1990 के अनुसार किया जाना है और 2.4 त्वचा संवेदी क्षमता का मूल्यांकन आईएस: 11601 (भाग II) - 1991 के अनुसार किया जाना है तथा उत्पाद को भारतीय मानक में निर्धारित संशोधित स्ट्रम परीक्षण द्वारा परीक्षण किए जाने पर त्वरित जैवनिम्नीकृत सर्फेक्टेंट के साथ तैयार या विनिर्मित किया जाना चाहिए। **ग. कपड़े धोने के साबुन** **1.** .सामान्य अपेक्षाएं :

		1.1 कपड़े धोने के सभी साबुन गुणवत्ता, सुरक्षा और निष्पादन के संबंध में समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय मानक ब्यूरो के संगत मानकों को पूरा करेंगे | 1.2 विनिर्माताओं को ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत प्राधिकार, यदि अपेक्षित हो, के साथ-साथ क्रमश: जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अनुसार सहमति/स्वीकृति प्रस्तुत करनी चाहिए; 1.3 उत्पाद पर भार के प्रतिशत में महत्वपूर्ण घटकों की मौजूद मात्रा की सूची अवरोही क्रम में प्रदर्शित की जानी चाहिए। ऐसे महत्वपूर्ण घटकों की सूची को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा अभिज्ञात किया जाएगा; 1.4 उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री पुनर्चक्रण, पुन: प्रयोज्य या जैवनिम्नीकृत सामग्री से बनाई जाएगी और पैकेजिंग के विशिष्ट मामले के संबंध में पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की लेबलिंग की स्कीम के तहत विकसित मापदंड लागू होंगे। 1.5 उत्पाद की पैकेजिंग में उस मानदंड को संक्षेप में प्रदर्शित किया जा सकता है जिसके आधार पर उत्पाद पर पर्यावरण अनुकूल लेबल लगाया गया है; 1.6 उत्पाद के साथ उचित उपयोग संबंधी विस्तृत अनुदेश दिए जा सकते हैं ताकि उत्पाद के निष्पादन को अधिकतम और इसकी बर्बादी को न्यूनतम किया जा सके; और 1.7 तैयार या विनिर्मित किए गए उत्पाद में फॉस्फेट नहीं होना चाहिए। 1.8 यदि कपड़े धोने वाले साबुन के विनिर्माण में साबुन रहित डिटेर्जेंट (एनएसडी) का उपयोग किया गया है, तो भारतीय मानक में निर्धारित संशोधित स्ट्रम परीक्षण द्वारा परीक्षण किए जाने पर वह त्वरित जैवनिम्नीकृत होना चाहिए। 1.9 सामग्री को आईएस 11601 (भाग I) – 1986 के अनुसार इरिटेंट क्षमता संबंधी मूल्यांकन किए जाने पर तथा आईएस: 11601 (भाग II) - 1992के अनुसार त्वचा संवेदी क्षमता का मूल्यांकन किए जाने पर इस परीक्षण में पास होना चाहिए।
6	कागज़	**1. सामान्य अपेक्षाएं** : 1.1 कागज़ के सभी विनिर्माता गुणवत्ता और निष्पादन के संबंध में भारतीय मानक ब्यूरो(बीआईएस) के संगत मानकों को पूरा करेंगे | 1.2 विनिर्माताओं को ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और इसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत प्राधिकार, यदि अपेक्षित हो, के साथ-साथ क्रमश: जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अनुसार सहमति/स्वीकृति प्रस्तुत करनी चाहिए; 1.3 उत्पाद की पैकेजिंग में उस मानदंड को संक्षेप में प्रदर्शित किया जा सकता है जिसके आधार पर उत्पाद पर पर्यावरण अनुकूल लेबल लगाया गया है; 1.4 उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री पुनःचक्रित, पुन: उपयोज्य या जैवनिम्नीकृत सामग्री से बनाई जाएगी और ऐसी पैकेजिंग के संबंध में विकसित मापदंड लागू होंगे।

		2. विशिष्ट अपेक्षाएं : 2.1 लुगदी से निर्मित कागज और कागज के बोर्ड जिन का वजन बांस, ठोस लकड़ी, नरम लकड़ी और ईख के अलावा अन्य सामग्रियों से बने लुगदी के वजन से 60 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए । 2.2 पुनर्चक्रित कागज़ और कागज़ के बोर्ड अनिवार्य रूप से 100 प्रतिशत अपशिष्ट कागज़ से बनाए जाएं।
7	खाद्य सामग्री	**क. खाद्य तेल, चाय और कॉफी** **1. सामान्य अपेक्षाएं :** 1.1 खाद्य तेलों, चाय और कॉफी के सभी फार्मूलेशन भारतीय मानक ब्यूरो के गुणवत्ता संबंधी संगत मानकों को पूरा करेंगे। 1.2 ईकोमार्क के लिए आवेदन करते समय उत्पाद के विनिर्माता को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत प्राधिकार, यदि अपेक्षित हो, के साथ-साथ जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974, जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अनुसार सहमति/स्वीकृति प्रस्तुत करनी होगी : और अन्यथा विनिर्दिष्ट किए जाने तक उत्पाद को खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम अधिनियम, 1954 और इसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार होना चाहिए। 1.3 इसके अलावा, वनस्पति के मामले में विनिर्माता को वनस्पति निदेशक, सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वनस्पति तेल उत्पाद नियंत्रण आदेश, 1975 के उपबंधों का अनुपालन करना होगा। 1.4 उत्पाद पर महत्वपूर्ण घटकों की मौजूद मात्रा की सूची (C/o. W/W, या V/V) अवरोही क्रम में प्रदर्शित की जानी चाहिए। ऐसे घटकों की सूची को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा अभिज्ञात किया जाएगा। 1.5 उत्पाद की पैकेजिंग में उस मानदंड को संक्षेप में प्रदर्शित किया जा सकता है जिसके आधार पर उत्पाद पर पर्यावरण अनुकूल लेबल लगाया गया है; 1.6 उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री पुनःचक्रित (अर्थात् जिसे किसी अन्य उपयोगी उत्पाद बनाने के लिए पुनःशोधित किया जा सकता है) या जैवनिम्नीकृत होनी चाहिए और पैकेजिंग के विशिष्ट मामले के संबंध में एस.एल.ई.एफ.पी. (पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की लेबलिंग की स्कीम) के तहत विकसित मापदंड लागू होंगे। **2. विशिष्ट अपेक्षाएं :** (क)**खाद्य तेल** **श्रेणी 1 : कच्चा एवं रिफाइन्ड वनस्पति तेल-** 2.1 उत्पाद में 5पीपीबी से अधिक एफ्लाटॉक्सिन नहीं होना चाहिए। 2.2 उत्पाद में कीटनाशक अवशेष (यदि कोई हो), तो खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम अधिनियम, 1954 और इसके तहत बनाए गए नियमों में निर्धारित सीमाओं से अधिक नहीं होने चाहिए। 2.3 विषाक्त धातु की सांद्रता (यदि कोई हो) निम्नलिखित सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए : i. सीसा 5.0 पीपीएम

		ii. आर्सेनिक 0.5 पीपीएम iii. कैडमियम 1.0 पीपीएम iv. पारा 0.25 पीपीएम 2.4 खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम अधिनियम, 1954 में अनुमत एंटीऑक्सिडेंट्स का निर्दिष्ट मात्रा में उपयोग किया जाना चाहिए। 2.5 विनिर्माता द्वारा शेल्फ लाइफ घोषित की जानी चाहिए और इसे अंकित किया जाना चाहिए। **श्रेणी 2 : वनस्पति (हाइड्रोजनेटेड वनस्पति तेल)-** 2.1 उत्पाद में निकल की सांद्रता 0.5 भाग प्रति मिलियन से अधिक नहीं होना चाहिए। 2.2 उत्पाद हानिकर रसायनों से मुक्त होना चाहिए। 2.3 उत्पाद में कीटनाशक अवशेष (यदि कोई हो), तो खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम अधिनियम, 1954 और इसके तहत बनाए गए नियमों में निर्धारित सीमाओं से अधिक नहीं होने चाहिए। 2.4 विषाक्त धातु की सांद्रता (यदि कोई हो) निम्नलिखित सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए : i. सीसा 5.0 पीपीएम ii. आर्सेनिक 0.5 पीपीएम iii. कैडमियम 1.0 पीपीएम iv. पारा 0.25 पीपीएम 2.4 विनिर्माता द्वारा शेल्फ लाइफ घोषित की जानी चाहिए और इसे अंकित किया जाना चाहिए। 2.5 खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम अधिनियम, 1954 के तहत अनुज्ञेय एंटीऑक्सिडेंट्स ही, यदि आवश्यकता हो, उपयोग किया जाना चाहिए। (ख) **चाय** 2.1 उत्पाद स्पेंट टी लीव्स, ग्रिट, रेत, अन्य पौधों की पत्तियों जैसे मिलावट से मुक्त होना चाहिए। 2.2 उत्पाद में अप्राकृतिक सुगंध नहीं होगी और इसका विशिष्ट स्वाद होगा। 2.3 सीसे की मात्रा 6.5 पीपीएम से अधिक नहीं होगी। 2.4 उत्पाद में कोई अतिरिक्त रंग नहीं मिलाया जाएगा और कोई बाहरी स्वाद नहीं मिलाया जाएगा, तथापि, निर्यात के लिए खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम अधिनियम, 1954 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार इसकी अनुमति दी जा सकती है। 2.5 उत्पाद में फफूंद नहीं लगना चाहिए। 2.6 उत्पाद में कीटनाशक अवशेष (यदि कोई हो), तो खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम अधिनियम, 1954 और इसके तहत बनाए गए नियमों में निर्धारित सीमाओं से अधिक नहीं होने चाहिए।

		(ग) **कॉफी** 2.1 कॉफी बीन्स कीट, कवक और कृन्तकों के कारण संक्रमण से मुक्त होने चाहिए। 2.2 उत्पाद किसी भी बाहरी पदार्थ जैसे तार, पत्थर, गंदगी, लकड़ी, कांच और धातु के टुकड़ों से मुक्त होगा। 2.3 उत्पाद को किसी भी अतिरिक्त रंग, स्वाद से मुक्त होना चाहिए और यह बासी नहीं होना चाहिए तथा इसका विशिष्ट स्वाद होना चाहिए। 2.4 उत्पाद सिंहपर्णी और अन्य जड़ों, नेरॉन, अंजीर, खजूर, पत्थरों और अनाज जैसे मिलावट से मुक्त होगा। 2.5 उत्पाद में कीटनाशक अवशेष (यदि कोई हो), तो खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम अधिनियम, 1954 और इसके तहत बनाए गए नियमों में निर्धारित सीमाओं से अधिक नहीं होने चाहिए।
